आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 25.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सर्वोच्च न्यायालय ने कल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 'स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र को दिशानिर्देश' लागू करने को कहा है।
- फोटो मतदाता सूची में विशेष सम्मरी संशोधन का कार्य अगले वर्ष एक जनवरी से आरंभ होगा।
- नागरिक आपूर्ति विभाग ने दुकानदारों को उपभोक्ताओं से लेन–देन के दौरान मिठाईयों के स्थान पर खुले पैसे देने को कहा है।
- कैम्पबेल बे के सामुदायिक हॉल में कल जैविक कृषि में उद्यमिता रणनीति पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से अट्ठाईस सितम्बर को स्वराज द्वीप की यात्रा के लिए विशेष जलयान सेवा की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने कल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 'स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश' लागू करने को कहा है। न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ समन्वय करने और दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए भी कहा है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि केंद्र ने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर दिशा–निर्देश अधिसूचित किए हैं और केंद्र सरकार को इसकी प्रतियां मुख्य सचिवों या समकक्ष अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

फोटो मतदाता सूची में विशेष सम्मरी संशोधन का कार्य अगले वर्ष एक जनवरी से आरंभ होगा। बी एल ओ द्वारा इस कार्य से पहले पूर्व संशोधन गतिविधियां आयोजित होंगी। इस वर्ष अट्ठारह अक्तूबर तक घर–घर जाकर जांच का कार्य किया जा रहा है। उन्नीस अक्तूबर से अट्ठाईस अक्तूबर तक फॉर्मेट एक से लेकर आठ की तैयारी और एकीकृत मसौदा सूची की तैयारी का कार्य किया जाएगा। एकीकृत मतदाता सूची का

मसौदा उनतीस अक्तूबर को प्रकाशित किया जाएगा। दावे और आपत्तियां उनतीस अक्तूबर से अट्ठाईस नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे। नौ, दस और तेईस नवम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। चौबीस दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के लिए स्वास्थ्य मापदंड और आयोग से अनुमति लेने का कार्य अगले वर्ष एक जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छः जनवरी दो हजार पच्चीस को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों में पदनामित अधिकारियों या बूथ स्तर के अधिकारियों के पास या द्वीपों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के पास डाक के जरिए भी भेजे जा सकते हैं। वोटर हेल्पलाईन ऐप या मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट या निशुल्क नम्बर एक नौ पांच शून्य का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

द्वीपों के निर्वाचन आयुक्त ने ग्राम पंचायत पर्णशाला के रामपुर–दो, रंगत ग्राम पंचायत में रंगत–दस और दशरथपुर ग्राम पंचायत में दशरथपुर–तीन में सदस्यों के लिए उनतीस सितम्बर को उप–चुनाव घोषित किया गया है। इस सिलसिले में रंगत के तहसील कार्यालय में चुनाव नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, चुनाव एजेंटों और आम जनता से किसी भी जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष में फोन संख्या दो सात पांच एक छः छः पर संपर्क करने को कहा गया है ।

**<><><><><><><>**

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले निदेशालय ने दुकानदारों को लेन–देन के दौरान बकाया राशि के लिए खुले पैसे रखने की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा है कि उन्हें यह शिकायतें मिल रही है कि दुकानदार लेन–देन के दौरान उपभोक्ताओं को नकद राशि के बदले मिठाईयां दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को काफी असुविधा हो रही है। साथ ही दुकानदारों को सुचारू व्यवसायिक लेन–देन के लिए डिजिटल भुगतान की भी सलाह दी गई है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शिकायत विभाग को लिखित में या फोन पर संपर्क कर दे सकते हैं।

**<><><><><><><>**

कैम्पबेल बे के सामुदायिक हॉल में कल जैविक कृषि में उद्यमिता रणनीति पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार

ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जैविक कृषि के महत्व पर जानकारी दी। क्षेत्र के सहायक आयुक्त केशव नरेन्दर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज रोज़गार सबसे बड़ी समस्या है और किसान जैविक कृषि को अपनाकर अपनी आजीविका चला सकते हैं। उन्होंने किसानों के लिए सब्जी मंडी का उचित प्रबंध कराने का आश्वासन दिया, ताकि किसान जैविक कृषि को अपनाकर उचित मूल्य प्राप्त कर सके। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को फलदार पौधे लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर किसानों को अच्छे नस्ल के बीजों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में साठ से अधिक किसानों ने भाग लिया।

उधर, कृषि विज्ञान केन्द्र निकोबार की ओर से सौ दिन के कार्य योजना के तहत चौरा द्वीप के सामुदायिक हॉल में ग्रामीण युवाओं के विकास के लिए कृषि स्टार्टअप्स पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी परिषद के सचिव हिलारी एरिक मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कृषि स्टार्टअप्स में बदलाव की संभावना के बारे में जानकारी दी। ग्राम कप्तानों ने भी कृषि उद्यमिता के लिए सामुदायिक भागीदारी और सहयोग पर जोर दिया। विषय विशेषज्ञ अजमल एस ने कार्यक्रम के महत्व पर जानकारी देते हुए ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका को बढ़ाने के लिए कृषि स्टार्टअप के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार ने भी प्रतिभागियों को कृषि व्यवसाय मॉडल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><>

अहिंसा सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग स्वरचित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। जलवायु परिवर्तन से निपटने में गांधीजी के सिद्धांत विषय पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी एक अक्तूबर तक स्वरचित नारा मेल के जरिए कला और संस्कृति विभाग में भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से स्वराज द्वीप की यात्रा के लिए विशेष जलयान सेवा की व्यवस्था की गई है। एम वी नालंदा अट्ठाईस सितम्बर को स्वराज द्वीप के लिए सुबह आठ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और इसी दिन शाम तीन बजे श्री विजयपुरम के लिए इसकी वापसी होगी। इस यात्रा के लिए यात्री आज

सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच स्टार्स टिकटिंग काउंटर से टिकट खरीद सकते हैं। विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल से भी टिकट बुक कराया जा सकता है।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद के प्लास्मा संयंत्र में नए वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित करने और ढांचा कार्य किए जाने के चलते आज इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह नौ बजे से तीन बजे तक होगी।

<><><><><><><>

इस वर्ष मई–जून में आयोजित बी टेक की परीक्षा के लिए जिन विद्यार्थियों के दो पेपर ही बकाया है, वे पुनः मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित शुल्क के साथ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी के पते पर आवेदन किया जा सकता है।

उधर, जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में पच्चीस–छब्बीस सत्र के लिए कक्षा छठीं में प्रवेश के वास्ते चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन अब इस वर्ष सात अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और देखभाल कार्यक्रम के तहत मध्योत्तर अंडमान जिले के सभी सरकारी स्कूलों के स्वास्थ्य और देखभाल एम्बेसेडरों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के विज्ञान अनुभाग द्वारा स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब तीस शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>